दिनांक 29.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव से आज आम नागरिकगण अपनी समस्याओं के निवारण के लिए पहुंचे।

श्री यादव से मिलकर मुख्य रुप से नागरिकों की मांगों में पानी, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, अटल आवास के निर्माण के साथ–साथ संपत्तिकर कम करने, पेंशन, राशनकार्ड, राशनकार्ड में नाम जोड़ने, मुख्यमंत्री सहायता योजना का लाभ दिलाने तथा मोतियाबिन का ईलाज के दौरान स्मार्ट कार्ड से लाभ न मिलना नागरिकों की प्रमुख समस्या थी। इसके साथ ही अवैध निर्माण पर रोक लगाने, नया स्मार्ट कार्ड बनाने, वार्ड 35 में मोटर पम्प कापी दिनों से खराब है जिससे पानी की समस्या अधिक हो गई है कि शिकायत भी की गई। जिसपर श्री यादव ने जोन आयुक्त को बुलाकर उप अभियंता को नोटिस जारी करने हेतु कहा गया और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न करने की बात कही।

महापौर व विधायक के समक्ष आज कुल 32 आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें जोन आयुक्त को शीघ्र निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। खुर्सीपार में हो रहे चोरी की शिकायत भी की गई जिसमें खुर्सीपार थाना के टीआई को बुलवाया गया और नाराजगी व्यक्त करते हुए एसपी से मोबाईल पर चर्चा कर नागरिको को समझाईस दी गई शीघ्र ही क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाया जायेगा जिससे चोरी की समस्या से निजात मिल सके।

जनसम्पर्क अधिकारी